दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
सत्र (2017–18)
अभ्यास पत्र

कक्षा – नवमीं
विषय – हिन्दी

निर्देश :

- **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **प्रश्नपत्र के चार खंड हैं प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।**
- **कृप्या सभी प्रश्नों के यथायोग्य उत्तर दीजिए।**
- **प्रश्नों के उत्तर देते हुए शब्दों की सीमा अनावश्यक मत बढ़ाएं।**

खण्ड–क

प्र1) नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

आधुनिक जीवन अपने साथ अनेक प्रकार की समस्याएँ लेकर आया है, जिनमें से एक सर्वाधिक संवेदनशील समस्या है–'प्रदूषण'। वह जीवन बीत गया, जब मनुष्य प्राकृतिक वातावरण से सभी सुख उठाना चाहता था, शुद्ध वायु और जल पीता था । आज हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो चुका है,जिसमें हम साँस भी ठीक से नहीं ले पाते। बढती आवश्यकताओं के कारण अनेक प्रकार के उद्योग लग गए है। रासायनिक कचरा और कारखानों से निकला गंदा पानी हमारे जल–संसाधनों को तथा धरती के उपजाऊपन को हानि पहुँचा रहा है। प्रदूषित धुआँ वातावरण में ज़हरीली गैसें फैला रहा है, कीटनाशक दवाइयाँ खाने पीने की वस्तुओं में अपना प्रभाव छोड़ रही है, ध्वनि– प्रदूषण मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डाल रहा हैं। इस प्रकार जल,वायु ,भूमि और ध्वनि प्रदूषण मिलकर मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास पर अपना कुप्रभाव छोड़ रहे हैं। मिलावटी खान–पान और प्रदूषित वातावरण से मनुष्य मानसिक बीमारियों से धिर गया है। मानसिक तनाव, अनिद्रा, बैचेनी, अवसाद, साँस की बीमारियाँ, ह्रदय रोग, त्वचा के रोग आदि प्रदूषण के दुष्परिणाम हैं। इन समस्याओं से निपटने तथा जीवन की रक्षा के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए सर्वप्रथम जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगानी होगी, ताकि आवास के लिए वनों की कटाई ना हो। खाद्य पदार्थो के उत्पादन में वृद्धि हो, इसके लिए रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के स्थान पर जैविक खाद का इस्तेमाल करना होगा। कूड़े–कचरे को पुनःप्रयोग करना होगा, जिससे यह पृथ्वी कूड़े–कचरे का ढेर बनने से बच जाएगी। कारखानों से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे नदी– नाले में ना डालकर, उनकी सफाई करते हुए नदियों में बहाना होगा। यातायात के विभिन्न साधनों का प्रयोग जागरूकता के साथ करना होगा। आम लोगों को जागरूक बनाने के लिए उन्हें पर्यावरण के लाभ और उसके प्रदूषित होने पर उससे होने वाली समस्याओं की विस्तृत जानकारी देनी होगी।

क) आधुनिक जीवन मनुष्य के लिए क्या लेकर आया है? 'वह जीवन बीत गया' कथन के माध्यम से लेखक ने कौन सी बात कही है?

ख) आज हमारी धरती के उपजाऊपन को किस प्रकार हानि पहुँच रही है?
ग) जल,वायु ,भूमि और ध्वनि–प्रदूषण हमें किस प्रकार हानि पहुँचा रहे है?
घ) पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए क्या–क्या करना आवश्यक है?
ङ) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

विध्नों का दल चढ़ आए तो, उन्हें देख भयभीत न होंगे,
अब न रहेंगे दलित दीन हम, कहीं किसी से हीन न होंगे।
क्षुद्र स्वार्थ की खातिर हम तो कभी न गर्हित कर्म करेंगे,
पुण्यभूमि यह भारतमाता, जग की हम तो भीख न लेंगे।
मिसरी–मधु–मेवा–फल सारे, देती हमको सदा यही है,
कदली, चावल, अन्न विविध औ क्षीर सुधामय लुटा रही है।
आर्यभूमि उत्कर्षमयी यह, गूँजेगा यह गान हमारा,
कौन करेगा समता इसकी, महिमामय यह देश हमारा।।

क) लोग निंदित कर्म क्यों करते हैं?
ख) 'जग की हम तो भीख न लेगे' का क्या भाव है?
ग) भारतमाता हमें क्या–क्या देती है?
घ) काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

खण्ड–ख

प्र3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

क) विपक्षी दुर्गम (वर्ण विच्छेद कीजिए)
ख) आख , अधेरा , अगुली , कपन (यथायोग्य अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग कीजिए)
ग) फ्रेम, रिलीज (नुक्ते का प्रयोग कीजिए)
ध) विज्ञापित, आरोहण (उपसर्ग व मूल शब्द अलग–अलग कीजिए)
ड.) वैवाहिक, सुनवाई (मूल शब्द व प्रत्यय अलग–अलग कीजिए)
च) (i) राम भाई भरत तुम अयोध्या लौट जाओ (उचित स्थान पर विराम चिहन का प्रयोग कीजिए)
(ii) जो परिश्रमी होते है वही लक्ष्मी प्राप्त कर सकते है
(iii) काश मैं उसे देख पाता
छ) महा+ऊर्मि पो+इत्र (संधि कीजिए)
ञ) निष्ठुर, सम्मान (संधि विच्छेद कीजिए)

खण्ड–ग

प्र4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

(क) रामन् के व्यक्तित्व पर एक टिप्पणी कीजिए।

(ख) कवियों की धारणा को लेखक ने युक्तिशून्य क्यों कहा है, कीचड का काव्य ' पाठ के आधार पर बताइए ।

(ग) लेखक ने गाँधी जी से क्या सीखनें को कहा है, 'धर्म की आड ' पाठ के आधार पर बताइए।

प्र5) 'अग्निपथ' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

प्र6) स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी में लेखक को क्या रोमांचित करता था ,' मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड–घ

प्र7) निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर दिए गए विषय पर लगभग(80–100) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

जीवन में सफाई का महत्व

संकेत बिंदु :

- स्वास्थ्य की दृष्टि से
- रोगों से बचाव
- कैसे क्या करे ?

प8) आपका मित्र सुरेश बीमारी के कारण परीक्षा नहीं दे पाया , इससे वह निराश है। उसका हौंसला बढ़ाते हुए सहानुभूति पत्र लिखिए ।

प्र9) निम्नलिखित चित्र को देखकर आपके मन में जो भाव उत्पन्न हुए उनका वर्णन 20–30 शब्दों में कीजिए।